आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 24.01.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18वें रोजगार मेले में 61 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। कहा– युवाओं के कौशल को विकसित करना और उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना, सरकार की प्राथमिकता है।
- भ्रष्टाचार पर प्रदेश सरकार सख्त। होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी घोटाले मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डीआईजी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी से जन–जीवन प्रभावित। अवरुद्ध मार्गों को तेजी से खोलने के प्रयास जारी।
- 

**प्रधानमंत्री/रोजगार मेला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि युवाओं के कौशल को विकसित करना और उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार, भारत और विदेशों में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है। आज नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से 18वें रोजगार मेले को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कई देशों के साथ व्यापार और गतिशीलता समझौतों पर हस्ताक्षर कर रहा है, जिससे देश के कुशल युवाओं के लिए नए अवसर खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला अब एक सशक्त पहल बन चुका है और इसके माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।
गौरतलब है कि रोजगार मेला पहल के तहत आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित 61 हजार से अधिक नव–नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। 18वां रोजगार मेला देशभर के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया।

**वर्दी घोटला**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में संलिप्त पाए जाने पर निदेशक, होमगार्ड, डिप्टी कमांडेंट, अमिताभ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मामले की जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह मामला वित्तीय वर्ष 2024–25 और 2025–26 के दौरान होमगाड्र्स के लिए वर्दी सामग्री की खरीद प्रक्रिया से जुड़ा है, जिसमें टेंडर प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे।

महानिदेशक, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, देहरादून की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव और नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई। महादिनदेशक की संस्तुति पर मुख्यमंत्री ने डिप्टी कमांडेंट को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्ट आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**जन–जन की सरकार**

पिथौरागढ़ जिले में "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत गंगोलीहाट विकासखंड की न्याय पंचायत जाखनी–उप्रेति स्थित राजकीय इंटर कॉलेज भूलीगांव में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से 363 लाभार्थियों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। इसके अलावा जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, आय–जाति प्रमाण पत्र, पेंशन, ई–केवाईसी, ओपीडी, दवाइयां और कृषि सामग्री वितरित की गई। शिविर में 46 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 38 का मौके पर समाधान किया गया। इस दौरान गंगोलीहाट के उप जिलाधिकारी यशवीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी शिविरों में अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

**कार्याला**

रुद्रप्रयाग जिले में वन विभाग की ओर से उत्तरी व दक्षिणी जखोली रेंज में वन्यजीवों के साथ सह–अस्तित्व को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तितली ट्रस्ट के वन्यजीव विशेषज्ञ राजेश भट्ट ने प्रशिक्षण देते हुए जीवन में वन और वन्यजीवों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वन्यजीवों के बिना वन अधूरे हैं और मानव के लिए वन्यजीवों के साथ सह–अस्तित्व ही जीवन का एकमात्र सतत मार्ग है। कार्यशाला के दौरान वन्यजीव संरक्षण, मानव–वन्यजीव संघर्ष की चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में दोनों रेंज के वन क्षेत्राधिकारी, वन विभाग के कर्मचारी, विभिन्न वन पंचायतों के सरपंच तथा गढ़वाल विश्वविद्यालय के वानिकी विभाग के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

**स्वास्थ्य मंत्री**

चिकित्सा स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। डॉ. रावत ने अधिकारियों को विभागीय वार्षिक बजट व्यय

में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि बजट समय पर खर्च हो सके और योजनाओं का लाभ आम लोगों को मिल सके। इसके अलावा उन्होंने विभाग में रिक्त पदों को भरने, उच्चीकृत चिकित्सा इकाइयों में नवीन पदों का सृजन, विभागीय कार्मिकों की डीपीसी, आयुष्मान योजना और एनएचएम की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

## मौसम

प्रदेश में चार धामों सहित ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी से कुछ मुख्य मार्गों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सम्पर्क मार्ग बाधित हो गए हैं, जिन्हें संबंधित जिला प्रशासन द्वारा तेजी से खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, बर्फबारी के कारण कल रात नैनीताल, उत्तरकाशी और टिहरी गढ़वाल में विभिन्न स्थानों पर फंसे सौ से अधिक लोगों को एसडीआरएफ की टीमों ने सकुशल सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के पर्वतीय जिलों में दो हजार तीन सौ मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं–कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम को देखते हुए राज्य के अधिकांश जिलों में आज कक्षा एक से 12वीं तक के सभी आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय, अशासकीय और निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। वहीं, राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने संबंधित जिलों के जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग और अन्य रेखीय विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया है। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने संवेदनशील क्षेत्रों में निवासरत स्थानीय नागरिकों के साथ ही पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और पर्वतीय मार्गों पर आवागमन करने वाले लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पूरी तरह पालन करें।

## ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण

जिला उद्योग केंद्र, उत्तरकाशी और केंद्र सरकार की कौशल विकास योजना के तहत चिन्यालीसौड़ में ब्यूटी पार्लर आधारित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। सोलह फरवरी तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, राष्ट्रीय उद्यमिता एवं व्यवसाय विकास संस्थान द्वारा किया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ब्यूटी पार्लर व्यवसाय के लिए 25 महिलाओं का पंजीकरण किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ब्यूटी पार्लर संचालन से जुड़ी तकनीकी जानकारी, व्यवसायिक कौशल व स्वरोजगार से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

## वनाग्नि नियंत्रण बैठक

वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर देहरादून जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में ज़िला स्तरीय वनाग्नि प्रबंधन समिति की बैठक हुई, जिसमें फायर सीजन के दौरान रोकथाम और त्वरित कार्रवाई को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वनाग्नि प्रबंधन को मजबूत करने के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद हेतु 45 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि वनाग्नि रोकथाम में वन पंचायतों, ग्राम और ब्लॉक स्तर की समितियों तथा स्थानीय समुदाय की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने जन सहभागिता बढ़ाने और ग्राम स्तर पर समितियों को सक्रिय रूप से कार्यरत रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वन पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी से व्यापक जन–जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा विद्यालयों में भी नियमित रूप से वनाग्नि से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।